उत्तर प्रदेश में कार्यरत आंगनवाड़ी कर्मचारी

2567. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश में समेकित बाल विकास कार्यक्रम के अधीन कार्यरत आंगनवाड़ी कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है ;

(ख) उनकी सेवा शर्तों और उनको दिए जाने वाले वेतन तथा अन्य सुविधाओं का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या राज्य में आंगनवाड़ी सेवा का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव है ।

मानव संसाधन विकास (युवा कार्य और खेल विभाग) मंत्रालय के राज्यमंत्री तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला और बाल विकास विभाग) मे राज्य [मंत्री का अतिरिक्त प्रभार कुमारी ममता बनर्जी) : (क) 31 दिसम्बर, 1991 की स्थिति अनुसार उत्तर प्रदेश में समेकित बाल विकास सेवा (कार्यक्रम आई सी डी एस) के अन्तर्गत 24287 आंगनवाड़ी केन्द्र है । प्रत्येक केन्द्र में एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एक सहायिका होती है।

(ख) केन्द्रीय प्रायोजित समेकित बाल विकास सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका स्थानीय समुदाय से लिए गए स्वैच्छिक, अंशकालिक (4 1/2 घंटे) और अवैतनिक कार्यकर्ता होते हैं। उन्हें निश्चित मानदेय मिलता है। उनके मानदेय में समय-समय पर संशोधन किया गया है । पिछला संशोधन जुलाई 1986 में किया गया था । इस समय, उनके शैक्षणिक स्तर और अनुभव के आधार पर उन्हें निम्नलिखित दरों पर मानदेय दिया जा रहा है :--

(I) आंगनबाड़ी कार्यकर्ता	रु० प्रति माह
मैट्रिकुलेट	275.00
मैट्रिकुलेट जिसे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में 5 वर्ष का अनुभव हो	300.00
मैट्रिकुलेट जिसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में 10 वर्ष का अनुभव हो	325.00
नान-मैट्रिक	225.00
नान-मैट्रिक जिसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में 5 वर्ष का अनुभव हो	250.00
नान-मैट्रिक जिसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में 10 वर्ष का अनुभव हो	275.00
(II) सहायिका	110.00

इसके अलावा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निम्नलिखित सुविधाएं दी जाती हैं :—

(1) वार्षिक छुट्टी 20 दिन

(2) वेतन सहित प्रसूति छुट्टी 90 दिन (उनके कार्यकाल में 2 बार)

(3) यात्रा/दैनिक भत्ते

एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मासिक बैठकें या अल्पकालिक ओरिएन्टेशन/प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भाग लेने के लिए आई सी डी एस बजट में से यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता दिया जा सकता है जो आने-जाने के लिए द्वितीय श्रेणी के रेल भाड़े वास्तविक खर्च से अधिक नहीं होगा।

(ग) जी हां । वर्ष 1991-92 के दौरान उत्तर प्रदेश में 24 नई समेकित बाल विकास सेवा परियोजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद में कम्प्यूटरों का प्रयोग

2568. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् में कम्प्यटरोंका दुरुपयोग किया जा रहा है ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने कम्प्यूटर खरीदे गए हैं तथा उनका मूल्य क्या था ; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने शैक्षिक कार्यक्रम चलाए गए तथा उनसे कितने छात्र लाभान्वित हुए ?